Series **EF1GH/C**

**SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/C/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# व्यावसायिक अध्ययन
# BUSINESS STUDIES

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***नोट / NOTE :***

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।*
*Please check that this question paper contains **19** printed pages.*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं ।*

*(iii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए ।*

*(iv)* ***3** अंकों के प्रश्नों के उत्तर 50 से 75 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* ***4** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* ***6** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है ।* *20×1=20*

**1.** _________ एक स्थायी योजना है ।

(a) नियम

(b) बजट

(c) कार्यक्रम

(d) व्यूह-रचना

**2.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा उपभोक्ता अधिकार प्रतियोगी मूल्यों पर उपलब्ध उत्पादों के विभिन्न प्रकारों तक पहुँचने की स्वतंत्रता प्रदान करता है ?

(a) सूचना का अधिकार

(b) आश्वस्त होने का अधिकार/चयन का अधिकार

(c) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

(d) शिकायत का अधिकार

**3.** वर्ष 2003 से, प्रतिभूतियों में सभी लेनदेनों का निपटान व्यापार तिथि के पश्चात् दो दिनों के अंदर करना होता है । यह प्रणाली जानी जाती है :

(a) रोलिंग निपटान प्रणाली

(b) आवर्ती निपटान प्रणाली

(c) स्वचालित निपटान प्रणाली

(d) आपसी निपटान प्रणाली

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Answers should be brief and to the point.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from 50 to 75 words.*

*(v)* *Answers to questions carrying **4** marks may be in about 150 words.*

*(vi)* *Answers to questions carrying **6** marks may be in about 200 words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

*Questions **1** to **20** are Multiple Choice Questions (MCQs), carrying **1** mark each.* *20×1=20*

**1.** ____________ is a standing plan.

(a) Rule

(b) Budget

(c) Programme

(d) Strategy

**2.** Which of the following consumer rights under Consumer Protection Act, 2019 gives the freedom to consumers to access variety of products at competitive prices ?

(a) Right to be informed

(b) Right to be assured/Right to choose

(c) Right to consumer education

(d) Right to be heard

**3.** From 2003, all transactions in securities are to be settled within two days after the trade date. This system is known as :

(a) Rolling settlement system

(b) Rotational settlement system

(c) Automatic settlement system

(d) Mutual settlement system

4. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन के कार्यात्मक ढाँचे का दोष ***नहीं*** है ?

(a) कार्यात्मक अध्यक्ष द्वारा बताए गए कार्यों की अपेक्षा, संस्थान के अन्य सभी उद्देश्यों पर कम ध्यान दिया जाता है।

(b) जब दो या अधिक विभागों के हित अनुकूल न हों, तो हितों का झगड़ा होना स्वाभाविक होता है।

(c) विभिन्न उत्पादों की गतिविधियों में दोहराव के कारण लागत मूल्य बढ़ सकता है।

(d) विभिन्न विभागों में कार्यात्मक विभिन्नता के कारण जब सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है, तो इससे समन्वय की समस्या बढ़ जाती है।

5. अशिता एक कंपनी में कार्यरत है जहाँ उसका आधारभूत कार्य विविध घटकों को एकीकृत करना तथा संगठन के व्यापक उद्देश्यों के अनुसार विभिन्न विभागों की गतिविधियों में समन्वय स्थापित करना है। अशिता प्रबंध के किस स्तर पर कार्यरत है ?

(a) उच्च प्रबंध स्तर

(b) मध्य प्रबंध स्तर

(c) पर्यवेक्षीय प्रबंध स्तर

(d) (b) तथा (c) दोनों

6. *कथन I :* वित्तीय नियोजन आवश्यक रूप से एक संगठन के भविष्य के प्रचालनों का वित्तीय ब्लूप्रिंट तैयार करना है।

*कथन II :* वित्तीय नियोजन केवल दीर्घ-काल के लिए किया जाता है तथा यह केवल पूँजीगत व्यय कार्यक्रमों पर ही केंद्रित होता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

(b) कथन II सत्य है तथा कथन I असत्य है।

(c) दोनों कथन सत्य हैं।

(d) दोनों कथन असत्य हैं।

7. ________ एक परियोजना के विषय में विस्तृत विवरण होते हैं जो उद्देश्यों, नीतियों, कार्यविधियों, नियमों, कार्यों, बजटों, आदि किसी भी कार्य को कार्यान्वित करने की रूपरेखा तैयार करते हैं।

(a) विधि

(b) बजट

(c) कार्यक्रम

(d) प्रक्रिया

4. Which of the following is ***not*** a disadvantage of functional structure of organisation ?

(a) Less emphasis on overall enterprise objectives than the objectives pursued by a functional head.

(b) A conflict of interests may arise when the interests of two or more departments are not compatible.

(c) May lead to increase in costs since there may be duplication of activities across products.

(d) It may lead to problems in coordination as information has to be exchanged across functionally differentiated departments.

5. Ashita works in a company where her basic task is to integrate diverse elements and co-ordinate the activities of different departments according to the overall objectives of the organisation. At which level of management is Ashita working ?

(a) Top level management

(b) Middle level management

(c) Supervisory level management

(d) Both (b) and (c)

6. *Statement I :* Financial planning is essentially the preparation of financial blueprint of an organisation's future operations.

*Statement II :* Financial planning is done only for long-term and focuses on capital expenditure programmes only.

Choose the correct option from the options given below :

(a) Statement I is true and Statement II is false.

(b) Statement II is true and Statement I is false.

(c) Both the statements are true.

(d) Both the statements are false.

7. ___________ are detailed statements about a project which outline the objectives, policies, procedures, rules, tasks, budgets, etc. to implement any course of action.

(a) Methods

(b) Budgets

(c) Programmes

(d) Procedures

**8.** वर्ष 1998 में, शिवम एवं सोहन लिमिटेड द्वारा आरंभ की गई परियोजना 'नन्ही कली' अपने प्रकार का एक सबसे बड़ा कार्यक्रम है जो वंचित लड़कियों को 10 वर्ष की विद्यालयी शिक्षा के योग्य बनाता है। इस परियोजना ने देश भर में कम आय समूह के परिवारों की 5 लाख से भी अधिक लड़कियों के जीवन को प्रभावित किया है।

इस प्रकार का कार्य करके शिवम एवं सोहन लिमिटेड ने जो उद्देश्य प्राप्त किया, वह है :

(a) संगठनात्मक उद्देश्य

(b) सामाजिक उद्देश्य

(c) व्यक्तिगत उद्देश्य

(d) (a) तथा (c) दोनों

**9.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार निम्नलिखित में से *ग़लत* कथन की पहचान कीजिए :

(a) उपभोक्ता सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय आयोग का प्रादेशिक क्षेत्राधिकार संपूर्ण देश है।

(b) जिला आयोग उन शिकायतों की सुनवाई करता है जहाँ वस्तुओं अथवा सेवाओं के प्रतिफल की राशि का भुगतान ₹ 1 करोड़ से अधिक नहीं है।

(c) जिला आयोग के निर्णय के विरुद्ध राष्ट्रीय आयोग में अपील दर्ज की जा सकती है।

(d) जिला आयोग तथा राज्य आयोग की स्थापना राज्य सरकार के द्वारा की जाती है।

**10.** निम्नलिखित में से पूँजी बजटिंग निर्णय से संबंधित सही कथन की पहचान कीजिए :

(a) ये निर्णय प्रतिवर्ती होते हैं।

(b) इन निर्णयों में दीर्घ-कालीन आधार पर भारी मात्रा में वित्त लगाना सम्मिलित है, अत: इन निर्णयों को लेते समय अत्यधिक सावधानी की आवश्यकता है।

(c) ये निर्णय दीर्घकाल में व्यवसाय की अर्जन क्षमता को प्रभावित नहीं करते।

(d) पूँजी बजटिंग निर्णयों द्वारा परिसम्पत्तियों का आकार, लाभप्रदता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित नहीं होते हैं।

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन नेतृत्व की निरंकुश शैली के संबंध में *ग़लत* है ?

(a) अधीनस्थों से नेता के आदेशों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

(b) निरंकुश नेता विरोध का इच्छुक नहीं होता है।

(c) अधीनस्थों को उच्च स्तरीय स्वतंत्रता दी जाती है।

(d) त्वरित निर्णयन को आसान बनाता है।

8. Project 'Nanhi Kali' run by Shivam and Sohan Ltd. was started in 1998 and is one of the largest programmes that enables underprivileged girls to complete 10 years of schooling. The project has impacted the lives of over 5 lakh girls from low income group families across the country.

The objective achieved by Shivam and Sohan Ltd. by doing so is :

(a) Organizational objective

(b) Social objective

(c) Personal objective

(d) Both (a) and (c)

9. From the following, identify the *Incorrect* Statement as per Consumer Protection Act, 2019 :

(a) National Commission has territorial jurisdiction over the whole country for consumer protection.

(b) District Commission entertains complaints where value of goods or services paid as consideration does not exceed ₹ 1 crore.

(c) Appeal against District Commission's order can be filed in National Commission.

(d) District Commission and State Commission are set by the State Governments.

10. From the following, identify the statement which is correct about capital budgeting decision :

(a) These decisions are reversible.

(b) These decisions include committing huge amounts of finance on a long-term basis, therefore need to be taken with utmost care.

(c) These decisions do not affect the earning capacity of the business in the long run.

(d) Size of assets, profitability and competitiveness are not affected by capital budgeting decisions.

11. Which of the following statements is *Incorrect* with respect to Autocratic Leadership style ?

(a) Subordinates are expected to obey the orders of the leader.

(b) An autocratic leader does not wish to be contradicted.

(c) Subordinates are given high degree of independence.

(d) Quick decision-making is facilitated.

12. कर्मचारियों को रोज़गार सुरक्षा तथा पेंशन योजना, आदि प्रदान करना निम्नलिखित में से कौन-सी आवश्यकता को संतुष्ट करेंगे ?

(a) आधारभूत शारीरिक आवश्यकताएँ

(b) सुरक्षा आवश्यकताएँ

(c) संस्था से संबंध की आवश्यकताएँ

(d) मान-सम्मान (प्रतिष्ठा) आवश्यकताएँ

13. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक उत्पाद या सेवा के मूल्य को प्रभावित करने वाला कारक ***नहीं*** है ?

(a) उत्पाद लागत

(b) बाज़ार में प्रतियोगिता की सीमा

(c) सरकारी तथा विधिक नियमन

(d) मानकीकरण तथा ग्रेड तय करना

14. स्तम्भ I में दी गई नियोजन की विशेषताओं का मिलान स्तम्भ II में दी गई उनकी व्याख्या के साथ कीजिए।

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| A. | नियोजन एक मानसिक अभ्यास है | (i) | नियोजन में प्रत्येक विकल्प के गहन परीक्षण एवं मूल्यांकन द्वारा सर्वोत्तम विकल्प का चयन सम्मिलित है |
| B. | नियोजन सर्वव्यापी है | (ii) | नियोजन प्रबंध के सभी स्तरों पर आवश्यक है तथा साथ ही संगठन के सभी विभागों में |
| C. | नियोजन में निर्णय रचना निहित है | (iii) | नियोजन में अनुमानित कार्य या इच्छा जनित विचारों की अपेक्षा तार्किक तथा व्यवस्थित विचारधारा की आवश्यकता होती है |

(a) A-(i), B-(ii), C-(iii)

(b) A-(iii), B-(ii), C-(i)

(c) A-(ii), B-(iii), C-(i)

(d) A-(i), B-(iii), C-(ii)

**12.** Providing job security and pension plan, etc. will satisfy which of the following needs of employees ?

(a) Basic physiological needs

(b) Safety/Security needs

(c) Belongingness needs

(d) Esteem needs

**13.** Which of the following is ***not*** a factor affecting price of a product or service ?

(a) Product cost

(b) Extent of competition in the market

(c) Government and legal regulations

(d) Standardization and Grading

**14.** Match the features of planning given in Column I with their respective explanation given in Column II.

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| A. | Planning is a mental exercise | (i) | Planning involves thorough examination and evaluation of each alternative and choosing the most appropriate one |
| B. | Planning is all-pervasive | (ii) | Planning is required at all levels of management as well as in all departments of the organisation |
| C. | Planning involves decision-making | (iii) | Planning requires logical and systematic thinking rather than guess work or wishful thinking |

(a) A-(i), B-(ii), C-(iii)

(b) A-(iii), B-(ii), C-(i)

(c) A-(ii), B-(iii), C-(i)

(d) A-(i), B-(iii), C-(ii)

**15.** बढ़ते हुए प्रदूषण के कारण, उपभोक्ता प्रदूषित हवा के हानिकारक प्रभावों के विषय में सचेत हो रहे हैं, अत: प्रतिदिन घरेलू वायु शुद्ध करने के उपकरणों की माँग बढ़ रही है । यहाँ व्यावसायिक पर्यावरण के कौन-से आयाम की चर्चा की गई है ?

(a) राजनीतिक पर्यावरण

(b) प्रौद्योगिकीय पर्यावरण

(c) आर्थिक पर्यावरण

(d) सामाजिक पर्यावरण

**16.** विज्ञापन में 'संभावितों एवं विज्ञापनकर्ता के मध्य कोई प्रत्यक्ष सम्पर्क नहीं होता है ।' यहाँ विज्ञापन की जिस विशेषता का उल्लेख किया गया है, वह है :

(a) भुगतान स्वरूप

(b) अव्यक्तिक

(c) किफायती

(d) चिह्नित विज्ञापनदाता

**17.** संगठन प्रक्रिया में, कर्मचारियों में वृत्तांत (रिपोर्टिंग) संबंध स्थापन से तुरंत पहले निम्नलिखित में से कौन-से चरण का निष्पादन किया जाता है ?

(a) कर्तव्यों का निर्धारण

(b) कार्य की पहचान तथा विभाजन

(c) विभागीकरण

(d) कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना

**18.** निम्नलिखित में से प्रबन्ध का कौन-सा कार्य प्रबन्ध प्रक्रिया के एक चक्र को पूरा करता है तथा अगले चक्र के नियोजन में सुधार करता है ?

(a) संगठन

(b) नियुक्तिकरण

(c) निदेशन

(d) नियंत्रण

**15.** With rising pollution levels, consumers are becoming conscious about the harmful effects of polluted air, so the demand for home air-purifiers is increasing day-by-day. Which dimension of business environment is discussed here ?

(a) Political Environment

(b) Technological Environment

(c) Economic Environment

(d) Social Environment

**16.** In advertising 'there is no direct face-to-face contact between the prospect and the advertiser'. The feature of advertising stated here is :

(a) Paid form

(b) Impersonality

(c) Economical

(d) Identified sponsor

**17.** In organising process, which of the following step is performed just before establishing reporting relationship between individuals ?

(a) Assignment of duties

(b) Identification and division of work

(c) Departmentalization

(d) Imparting training to employees

**18.** Which of the following functions of management completes one cycle of management process and improves planning in the next cycle ?

(a) Organising

(b) Staffing

(c) Directing

(d) Controlling

**19.** नीचे दिए गए चित्र में ऐसी महत्त्वपूर्ण सूचना का वर्णन किया गया है जो विपणनकर्ता द्वारा उत्पाद के क्षेत्र में लिए जाने वाले निर्णय से सम्बन्धित है।

| | | |
|---|---|---|
| उत्पादन तिथि : 10/3/23 | ऑर्गेनिक शहद : | मात्रा : 500 मिली |
| समाप्ति तिथि : 10/3/25 |  | अतिरिक्त चीनी नहीं<br>100% शुद्ध |
| अधिकतम खुदरा मूल्य : ₹ 500 | | निर्माता : ऑर्गेनिक एग्रो प्रोडक्ट्स<br>---------- उत्तराखंड |

निम्नलिखित में से सही विकल्प की पहचान कीजिए :

(a) ब्रान्डिंग

(b) लेबलिंग

(c) पैकेजिंग

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** 'एक संगठन के विषय में लोकमत का प्रबंधन विपणन विभाग द्वारा निष्पादित किया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण कार्य है।' यह विपणन मिश्र के निम्नलिखित में से किस घटक में सम्मिलित है ?

(a) उत्पाद मिश्र    (b) स्थान मिश्र

(c) मूल्य मिश्र    (d) प्रवर्तन मिश्र

**21.** 'बर्गर्स एण्ड फॅज' भारत में पहली फास्ट फूड शृंखलाओं में से एक थी जिसने पारिवारिक शैली के भोजनालयों की अवधारणा का मार्ग प्रशस्त किया। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसे बहुराष्ट्रीय खाद्य शृंखला वाली कम्पनियों जैसे मैकडॉनल्ड्स तथा पिज़्ज़ा हट, आदि के कारण व्यवसाय खोना पड़ा और इसे बंद करना पड़ा।

व्यवसाय बंद करने का कारण था प्रबन्धकों की फर्म की बाह्य शक्तियों को पहचानने, समझने, उनका मूल्यांकन करने व उन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने की अक्षमता।

उपर्युक्त स्थिति के आलोक में किन्हीं दो बिन्दुओं की सहायता से समझाइए कि प्रबन्धकों द्वारा व्यावसायिक पर्यावरण की समझ किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है। *3*

**22.** (a) प्रबन्ध के 'नियंत्रण' कार्य के महत्त्व पर प्रकाश डालने वाले किन्हीं दो बिन्दुओं को समझाइए। *3*

**अथवा**

(b) प्रबन्ध के 'निदेशन' कार्य के तत्त्वों के रूप में 'पर्यवेक्षण' एवं 'संप्रेषण' को समझाइए। *3*

**19.** The picture given below depicts important information related to a decision that a marketer has to take in the area of product.

| | | |
|---|---|---|
| Manufacturing Date : 10/3/23 | Organic Honey : | Quantity : 500 ml |
| Expiry Date : 10/3/25 |   | No added sugar 100% pure |
| Max. Retail Price : ₹ 500 | | Manufacturer : Organic Agro products ---------- Uttarakhand |

Identify from the following the correct option :

(a) Branding

(b) Labelling

(c) Packaging

(d) None of the above

**20.** 'Managing public opinion of an organisation is an important task performed by the marketing department.' It is included under which of the following element of marketing mix ?

(a) Product mix (b) Place mix

(c) Price mix (d) Promotion mix

**21.** 'Burgers and Fudge' was among the first fast food chains in India which pioneered the concept of family-style restaurants. However, over the years it started losing business to multinational food chains like McDonalds and Pizza Hut, etc. and soon had to shut down.

The reason to shut down was the inability of managers to identify, understand, evaluate and to react to the forces external to their firm.

In the light of the above situation, explain with the help of any two points, how understanding of business environment is important for managers. *3*

**22.** (a) Explain any two points that highlight the importance of 'controlling' function of management. *3*

**OR**

(b) Explain 'Supervision' and 'Communication' as elements of 'directing' function of management. *3*

**23.** अनन्ता लिमिटेड इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की एक निर्माता फर्म है । अपने विक्रय को बढ़ाने तथा लाभ अर्जित करने के लिए इसका महा प्रबंधक, कमल पहले से ही यह विचार करता है कि क्या करना है और कैसे करना है ? अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं अनिश्चितता के जोखिम को कम करने के लिए वह पूर्वानुमान भी लगाता है।

ऐसा करके कमल प्रबन्ध के एक महत्त्वपूर्ण कार्य का क्रियान्वयन कर रहा है।

उपर्युक्त में प्रकाशित प्रबन्ध के कार्य को पहचानिए एवं उसका उल्लेख कीजिए। इस कार्य के महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख भी कीजिए। *3*

**24.** (a) संगठन के लिए प्रबन्ध के 'नियुक्तिकरण' कार्य के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(b) कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए। *3*

**25.** सृजन ने एक विख्यात संस्थान से पाक कला में स्नातक की डिग्री पूरी करने के पश्चात् अपने पारिवारिक रेस्तराँ, जो साउथ इंडियन व्यंजनों में विशिष्टता प्राप्त था, का कार्यभार सम्भाला। इस व्यवसाय को बहुत वर्ष पूर्व उसके दादाजी ने एक कंपनी के रूप में प्रचारित किया था। अब वह इस रेस्तराँ का नॉर्थ इंडियन भोजन के साथ नवीनीकरण करना चाहता था जिसमें एक भाग बेकरी उत्पादों के लिए भी हो । यह अनुमान लगाया गया कि इस योजना को अमल में लाने के लिए ₹ 5 करोड़ के निवेश की आवश्यकता होगी। विद्यमान में कंपनी की रोकड़ प्रवाह स्थिति मजबूत नहीं है तथा व्यवसाय की स्थायी प्रचालन लागत भी बहुत अधिक है।

उपर्युक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए, दो कारणों सहित, वित्त के उस स्रोत का नाम बताइए जिसका चयन सृजन अपने व्यवसाय के आधुनिकीकरण व विस्तार के लिए करेगा । उपर्युक्त में उल्लिखित घटकों के अतिरिक्त एक और घटक को भी समझाइए जिसे यह निर्णय लेते समय सृजन द्वारा ध्यान में रखा जाना चाहिए। *4*

**26.** अंकुश ने एक अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक स्टोर से दीवाली पर एक उच्च कोटि का माइक्रोवेव खरीदा । माइक्रोवेव पर आई.एस.आई. मार्क लगा हुआ था और अंकुश ने बहुत ध्यान से निर्देशन पुस्तिका पढ़ी ताकि वह इसका उपयोग ठीक प्रकार से कर सके। लेकिन ग़लत वायरिंग के कारण माइक्रोवेव में शॉर्ट सर्किट हो गया । उसने कंपनी की उपभोक्ता हेल्पलाइन से बहुत बार सम्पर्क स्थापित किया लेकिन कंपनी द्वारा कोई समाधान नहीं किया गया। अंकुश ने अब यह निर्णय लिया कि यह उपभोक्ता अदालत में केस दर्ज करेगा।

(a) उस अधिकार को पहचानिए एवं समझाइए जिसका उपयोग अंकुश करेगा।

(b) माइक्रोवेव को क्रय करते समय एवं उसका उपयोग करते समय अंकुश द्वारा जिन दो उत्तरदायित्वों को पूरा किया गया है, उनका उल्लेख कीजिए। *4*

**23.** Ananta Ltd. is a firm manufacturing electronic goods. To increase its sales and earn profits, its General Manager, Kamal is thinking in advance what to do and how to do it. He is also preparing forecasts to reduce the risk of uncertainty and to achieve its targets.

By doing so Kamal is performing an important function of management.

Identify and state the function of management highlighted above. Also state any two points of importance of this function. *3*

**24.** (a) State any three benefits of 'staffing' function of management to the organisation. *3*

**OR**

(b) State any three benefits of training to employees. *3*

**25.** Srijan, after completing his bachelor's degree in culinary arts from a reputed institute, took over his family restaurant specialising in South Indian dishes. This business was promoted by his grandfather many years back in the form of a company. Now he wants to get the restaurant renovated to open a special section for bakery products. It is estimated that an investment of ₹ 5 crore will be required to execute this plan. At present the cash flow position of the company is not strong and fixed operating costs of business are also high.

Keeping in view the above situation, name with two reasons, the source of finance which Srijan should choose for modernization and expansion of his business. Also explain one more factor, apart from those stated above which Srijan should keep in mind while taking this decision. *4*

**26.** Ankush bought a high end microwave on Diwali from a leading electronic store. The microwave had ISI mark and Ankush diligently went through the instruction manual so that he could use it properly. However, due to faulty wiring there was a short-circuit in the microwave. He called up the consumer helpline of the company many times but no solution was provided by the company. Ankush now decided to file a case in the consumer court.

(a) Identify and explain the right which Ankush will exercise.

(b) State two responsibilities which Ankush had fulfilled while purchasing and using the microwave. *4*

**27.** एक व्यवसाय की स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले घटकों के रूप में निम्नलिखित को समझाइए : *4*

(i) व्यवसाय की प्रकृति

(ii) तकनीक का चयन

**28.** (a) निम्नलिखित के आधार पर 'पूँजी बाज़ार' एवं 'मुद्रा बाज़ार' में अन्तर्भेद कीजिए : *4*

(i) प्रलेख

(ii) निवेश परिव्यय

(iii) अवधि

(iv) तरलता

**अथवा**

(b) 'भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड' के किन्हीं चार नियामक कार्यों का उल्लेख कीजिए। *4*

**29.** (a) प्रबन्ध के निदेशन कार्य के एक घटक के रूप में 'अभिप्रेरण' की किन्हीं दो विशेषताओं को समझाइए। *4*

**अथवा**

(b) संप्रेषण प्रक्रिया के तत्त्वों के रूप में निम्नलिखित को समझाइए : *4*

(i) संदेश

(ii) एनकोडिंग

(iii) माध्यम

(iv) डिकोडिंग

**30.** वर्ष 2016 में, पल्लवी ने शादी के योजनाकार के रूप में एक कंपनी 'ड्रीम्स अनलिमिटेड' आरंभ की और उसका लक्ष्य आने वाले तीन वर्षों में इस क्षेत्र की 10 उच्चतम शादी योजनाकार कंपनियों में से एक कंपनी बनना था। इसके लिए उसने विभिन्न कौशल वाले व्यक्तियों को नियुक्त किया। उसने बहुत मेहनत की और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न व्यक्तियों के प्रयासों को एकीकृत किया। इस उद्योग में उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ बहुत जल्दी-जल्दी बदल रही थी और कंपनी ने बदलते हुए पर्यावरण के साथ तालमेल बिठाने में अपनी गति को बनाए रखा। जैसा कि नियोजित था, तीन वर्षों के अंदर ही कंपनी ने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। संगठन के सभी कर्मचारी खुश तथा संतुष्ट थे तथा संगठन में प्रबन्ध के प्रभाव को देखा जा सकता था।

पल्लवी जिस प्रकार से अपने व्यवसाय का प्रबन्धन करती थी उससे प्रबन्ध की कुछ विशेषताओं पर प्रकाश पड़ता है। उपर्युक्त अनुच्छेद से पंक्तियों को उद्धृत करते हुए ऐसी किन्हीं दो विशेषताओं को समझाइए। *4*

**27.** Explain the following as factors affecting the fixed capital requirements of a business : *4*

(i) Nature of business

(ii) Choice of technique

**28.** (a) Differentiate between 'Capital Market' and 'Money Market' on the basis of following : *4*

(i) Instruments

(ii) Investment outlay

(iii) Duration

(iv) Liquidity

**OR**

(b) State any four regulatory functions of 'Securities and Exchange Board of India'. *4*

**29.** (a) Explain any two features of 'motivation' as an element of directing function of management. *4*

**OR**

(b) Explain the following as elements of communication process : *4*

(i) Message

(ii) Encoding

(iii) Media

(iv) Decoding

**30.** Pallavi started a wedding planner company 'Dreams Unlimited' in 2016 and her target was to be amongst the top 10 companies in this field within the next three years. For this she employed people having different skills. She worked hard and united the efforts of different people to achieve this goal. The requirements of the customers in this industry changed very fast and the company adapted to keep pace with the changing environment. As planned, the company achieved its target within three years. All the employees of the organisation were happy and satisfied and the effect of management was noticeable in the organisation.

The way Pallavi was managing her business highlights some of the features of management. By quoting lines from the above paragraph, explain any two such features. *4*

**31.** अभिषेक जब कक्षा XII में था तब उसने हेनरी फेयोल तथा एफ.डब्ल्यू. टेलर के प्रबन्ध सिद्धांतों एवं तकनीकों के बारे में पढ़ा था। अब वह अपने ज्ञान का उपयोग व्यवसाय को चलाने में करने का प्रयत्न कर रहा है। विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके तथा कार्य का वैज्ञानिक विश्लेषण करके उसने कार्य करने की एक सर्वश्रेष्ठ पद्धति को ढूँढ़ा है। कर्मचारियों की अनुत्पादक मुद्राओं को हटा कर उसने कार्य पूरा करने के समय को कम किया है। इतना ही नहीं उत्पादकता को और शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के लिए उसने अपने कर्मचारियों को आराम के अधिक अंतराल देने आरंभ किए हैं। उसने लिंग, धर्म, जाति, आदि के आधार पर भेदभाव न करने की नीति को अपने संगठन में अपनाया है। उसने यह सुनिश्चित किया है कि कर्मचारियों एवं संगठन दोनों के दृष्टिकोण से प्रतिफल/पारिश्रमिक न्यायोचित होना चाहिए।

अभिषेक द्वारा अपनाई गई किन्हीं दो वैज्ञानिक प्रबन्ध की तकनीकों एवं दो सामान्य प्रबन्ध के सिद्धांतों को पहचानिए एवं समझाइए। *6*

**32.** एफ.एम. टेक लिमिटेड, दिल्ली में सूचना तकनीक सेवा प्रदान करने वाली एक अग्रणी कंपनी है। उद्यम के सुचारु संचालन के लिए कार्य प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों, कार्यक्रमों व कार्य विवरणों को बनाया गया है। कंपनी स्पष्ट रूप से अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों की सीमाओं को स्पष्ट करती है तथा संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न गतिविधियों के बीच सुव्यवस्थित समन्वय है।

(a) उपर्युक्त चर्चित 'संगठन के प्रकार' को पहचानिए एवं समझाइए।

(b) उपर्युक्त (a) में पहचाने गए 'संगठन के प्रकार' के किन्हीं दो लाभों एवं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए। *6*

**33.** (a) संप्रेषण की किन्हीं चार सांकेतिक बाधाओं को समझाइए। *6*

**अथवा**

(b) भर्ती के आन्तरिक स्रोतों के किन्हीं चार लाभों को समझाइए। *6*

**34.** (a) निम्नलिखित विपणन-अवधारणाओं को समझाइए : *6*

(i) उत्पाद अवधारणा

(ii) उत्पादन अवधारणा

(iii) विपणन अवधारणा

**अथवा**

(b) विपणन मिश्र के घटकों के रूप में निम्नलिखित को समझाइए : *6*

(i) उत्पाद

(ii) स्थान

(iii) मूल्य

**31.** Abhishek studied management principles and techniques of Henri Fayol and F.W. Taylor when he was in class XII. Now he is trying to apply his knowledge while doing his business. By using different techniques and scientifically analysing work he found one best way of doing the job. By removing unproductive movements of the workers he reduces the time to complete the job. Not only this, to increase productivity and to regain stamina he started giving more rest intervals to his employees. He followed no discrimination policy on account of sex, religion, caste, etc. in his organisation. He ensured that the compensation should be fair to both, employees and the organisation.

Identify and explain any two techniques of scientific management and two principles of general management adopted by Abhishek. *6*

**32.** F.M. Tech Ltd. is one of the leading information technology service provider company in Delhi. To enable smooth functioning of the enterprise, job description and rules and procedures related to work processes are laid down. The company specifies clearly the boundaries of authority and responsibility and there is a systematic co-ordination among the various activities to achieve organisational goals.

(a) Identify and explain the 'Type of organisation' discussed above.

(b) State any two advantages and two limitations of the 'Type of organisation' identified in (a) above. *6*

**33.** (a) Explain any four semantic barriers to communication. *6*

**OR**

(b) Explain any four merits of internal sources of recruitment. *6*

**34.** (a) Explain the following marketing philosophies : *6*

(i) Product Philosophy

(ii) Production Philosophy

(iii) Marketing Philosophy

**OR**

(b) Explain the following as elements of marketing mix : *6*

(i) Product

(ii) Place

(iii) Price